बिहार स्टेट फुड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0

"खाद्य भवन" दरोगा प्रसाद राय पथ, आर0 ब्लॉक, रोड नं0-2 पटना 800001

पत्रांकः- 12:01:06:76:2018/ 9355 दिनांक- 08/9/18

प्रेषक,

महाप्रबंधक (आधुनिकीकरण),
राज्य खाद्य निगम मुख्यालय, पटना।

सेवा में,

सभी जिला प्रबंधक,
बिहार राज्य खाद्य निगम।

विषयः **KMS 2017-18 अन्तर्गत सी0एम0आर गोदाम पर Data Entry Operator 4G Identity Solution को कार्य मुक्त करने के संबंध में।**

प्रसंगः- **निगम मुख्यालय का पत्रांक 7217 दिनांक 17.07.18।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसांगिक पत्र के संदर्भ में कहना है कि KMS 2017-18 अन्तर्गत जिला के सी0एम0आर0 संग्रह केन्द पर 4G Identity Solution के माध्यम से Data Entry Operator उपलब्ध कराया गया था। सी0एम0आर संग्रह केन्द्र पर सी0एम0आर प्राप्ति का कार्य दिनांक 31.07.2018 तक निर्धारित था विदित हो कि विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति के अन्तर्गत प्राप्त किये गये सी0एम0आर का टी0पी0डी0एस0 के अन्तर्गत मासिक आवंटन के विरुद्ध उठाव की कार्रवाई की गयी है। वर्तमान में राज्य के शेखपुरा एवं जहानाबाद जिला को छोड़कर शेष सभी जिलों में प्राप्त किये गये सी0एम0आर का आवंटन टी0पी0डी0एस0 में कर दिया गया है। जिसका अनुपालन में सी0एम0आर क्रय केन्द्र से उठाव कराकर टी0पी0डी0एस0 गोदाम में भंडारण का कार्य किया गया है, तथा अधिकांश सी0एम0आर संग्रह केन्द्र पर सी0एम0आर की मात्रा शून्य हो गयी है। इस परिस्थिति में सी0एम0आर क्रय केन्द्र/गोदामों पर Data Entry Operator की आवश्यकता नहीं है। जिला अन्तर्गत किसी सी0एम0आर संग्रह केन्द्र पर अल्प मात्रा में सी0एम0आर अवशेष रहने की स्थिति में कार्यरत Data Entry Operator को कार्य मुक्त करते हुए बैकल्पिक व्यवस्था कर Online Entry कराया जाय।

अतः निदेश दिया जाता है कि निगम मुख्यालय से निर्गत निदेशो का अनुपालन करते हुए जिन सी0एम0आर गोदामों में आधिप्राप्त सी0एम0आर का उठाव/वितरण का कार्य सम्पन्न करा लिया गया है उक्त सी0एम0आर गोदाम में कार्यरत Data Entry Operator, जिला स्तर के IT Manager (CMR) एवं Help Desk को कार्य मुक्त कर दिया जाय एवं माह जुलाई 2018 के विरुद्ध e-Procurement के अन्तर्गत 4G Identity Solution के Data Entry Operator की उपस्थिति विवरणी में संबंधित Data Entry Operator का नाम सी0एम0आर गोदाम में भंडारित मात्रा अनिवार्य रूप से अंकित कर निर्गत करेंगें। अगामी खरीफ विपणन मौसम 2018-19 हेतु अलग से प्रतिनियुक्ति विभाग से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार 15 नवंबर 2018 से की जायेगी।

विश्वासभाजन

8/9/18

महाप्रबंधक (आधुनिकीकरण)

ज्ञापांकः- 9355 दिनांकः- 08/9/18

प्रतिलिपिः- Project Manager, 4G Indentity Solution निगम मुख्यालय पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

8/9/18

महाप्रबंधक (आधुनिकीकरण)